# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 06/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:30 AM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक कक्षा में 14 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 63 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 14
✗ 2. 63
✓ 3. 126
✗ 4. 28

**Q.2** प्रथम 102 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 103
✗ 2. 102.5
✗ 3. 104
✗ 4. 103.5

**Q.3** प्रवीण किसी कार्य को 6 घंटे में कर सकता है। ऋषि उस कार्य को 28 घंटे में कर सकता है। शान की सहायता से उन्होंने 4 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। शान अकेले उस कार्य को कितने घंटे में कर सकता है?

**Ans**
✗ 1. 20
✗ 2. 23
✗ 3. 22
✓ 4. 21

**Q.4** एक संख्या में 40 % की वृद्धि करने पर 3990 प्राप्त होता है। वह संख्या ________ है।

**Ans**
✓ 1. 2850
✗ 2. 8550
✗ 3. 5700
✗ 4. 1425

**Q.5** एक व्यापारी ₹50,000 की धनराशि 6% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करता है। उसे 3 वर्ष बाद प्राप्त होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज का आधा भाग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. ₹4,575.4
✗ 2. ₹4,675.4
✓ 3. ₹4,775.4
✗ 4. ₹4,745.4

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 ₹20 में $1\frac{1}{2}$ लीटर कीमत वाले 60 लीटर दूध में कितना पानी मिलाया जाना चाहिए कि ₹ $10\frac{2}{3}$ प्रति लीटर कीमत का मिश्रण प्राप्त हो?

Ans
✗ 1. 7 लीटर
✗ 2. 9 लीटर
✗ 3. 8 लीटर
✓ 4. 15 लीटर

Q.7 यदि एक लड़का 2 km/h की चाल से दौड़ता है, तो उसे 19 मीटर भुजा वाले वर्गाकार मैदान का एक पूर्ण चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?

Ans
✗ 1. 138
✗ 2. 144
✓ 3. 136.8
✗ 4. 141

Q.8 एक कार पहले घंटे में 101 km और दूसरे घंटे में 55 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 78
✗ 2. 79
✗ 3. 81
✗ 4. 73

Q.9 एक व्यापारी अपना माल लागत मूल्य से 22% की हानि पर बेचता है लेकिन 44% कम वजन का उपयोग करता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✗ 1. $39\frac{5}{7}\%$
✗ 2. $39\frac{4}{7}\%$
✗ 3. $39\frac{3}{7}\%$
✓ 4. $39\frac{2}{7}\%$

Q.10 $(73^{53} + 83^{53})$ निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
✓ 1. 156
✗ 2. 150
✗ 3. 154
✗ 4. 152

Q.11 सरल करें:
$$11 \text{ x } \left(5 \text{ x } (2^2)\right) \div 8 + 19 - 84$$

Ans
✗ 1. $-\frac{305}{8}$
✓ 2. $-\frac{300}{8}$
✗ 3. $-\frac{308}{8}$
✗ 4. $-\frac{291}{8}$

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 8 पुरुष किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 8 महिलाएँ उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं। उसी कार्य को 2 महिलाएँ और 4 पुरुष कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
✗ 1. 8 दिन
✓ 2. 12 दिन
✗ 3. 16 दिन
✗ 4. 17 दिन

Q.13 यदि एक कमरे की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 25 m, 15 m और 30 m है, तो कमरे की चारों दीवारों का क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1200
✓ 2. 2400
✗ 3. 2000
✗ 4. 1600

Q.14 एक विद्यालय में 7178 विद्यार्थी हैं तथा विद्यालय में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 47 : 50 है, तो विद्यालय में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 3478
✗ 2. 3485
✗ 3. 3491
✗ 4. 3487

Q.15 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$\sqrt{324} + \sqrt{0.0169} - \sqrt{6.76} =$$

Ans
✗ 1. 10.87
✗ 2. 16.2
✓ 3. 15.53
✗ 4. 4.51

Q.16 मिशा और कमल की आयु का अनुपात क्रमशः 4 : 3 है। 9 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 7 : 6 हो जाता है। उनकी वर्तमान आयु में कितने वर्ष/वर्षों का अंतर है?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 12
✓ 3. 3
✗ 4. 13

Q.17 चक्रवृद्धि ब्याज की किस प्रतिशत दर से ₹2,000 की धनराशि 3 वर्षों में ₹4,394 हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 35
✗ 2. 25
✗ 3. 20
✓ 4. 30

Q.18 किसी धनराशि पर एकल छूट, जो उसी धनराशि पर 10%, 20% और 28% की क्रमिक छूट के तुल्य है, __________ के बराबर है?

Ans
✗ 1. 38.16%
✗ 2. 48.32%
✓ 3. 48.16%
✗ 4. 50%

www.prepp.in

Q.19 एक आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 12 cm और 9 cm है। इसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 42 cm
2. 6 cm
3. 21 cm
4. 10.5 cm

Q.20 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\frac{0.0406 \times 5.84}{0.0146 \times 14.5 \times 1.4}$$

Ans
1. 0.6
2. 0.8
3. 1.2
4. 0.4

Q.21 सरिता ने ₹34,999 में एक पुरानी सिलाई मशीन खरीदी और उसकी मरम्मत पर ₹4,000 और परिवहन पर ₹1,000 खर्च किए। उसने इसे 15% लाभ पर बेच दिया। उसने मशीन किस कीमत पर बेची?

Ans
1. ₹45,998.85
2. ₹42,999.85
3. ₹40,000.85
4. ₹59,845.85

Q.22 96 km/h की चाल से चलने वाली एक बस, 16 घंटे में एक यात्रा पूरी करती है। 8 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए, बस किस चाल से यात्रा करेगी?

Ans
1. 193 km/h
2. 192 km/h
3. 197 km/h
4. 188 km/h

Q.23 हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (4 - 12 ÷ 3) ÷ 3}]

Ans
1. 28
2. 29
3. 30
4. 31

Q.24 एक स्टोर में जूतों की एक जोड़ी का अंकित मूल्य ₹1,200 है। एक सेल के दौरान उनपर 10% की छूट के बाद के नये मूल्य पर 5% अतिरिक्त छूट दी जाती है। दोनों छूटों के बाद जूतों की जोड़ी का अंतिम मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,026
2. ₹1,030
3. ₹1,020
4. ₹1,014

Q.25 निम्नलिखित समीकरण में x का मान ज्ञात कीजिए।

$$682.84 - 107.48 = \frac{x}{50} - 125.72$$

Ans
1. 35054
2. 3505.4
3. 70801
4. 7080.1

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.26 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 36, 49, 54 या 70 से भाग देने पर क्रमशः 19, 32, 37 और 53 शेषफल प्राप्त हो।

Ans
✗ 1. 26,441
✗ 2. 26,446
✗ 3. 26,447
✓ 4. 26,443

Q.27 105 और 120 का HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 56
✓ 2. 15
✗ 3. 35
✗ 4. 45

Q.28 अद्वैत को 19 घंटे में 947 km दूर कानपुर पहुँचना है। 6 घंटे तक उसकी प्रारंभिक चाल 38 km/hr थी। अगले 70 km तक उसकी चाल 35 km/hr थी। 19 घंटे के निर्धारित समय में कानपुर पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
✓ 1. 59 km/hr
✗ 2. 60 km/hr
✗ 3. 64 km/hr
✗ 4. 61 km/hr

Q.29 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹4560 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 1 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 760
✗ 2. 1520
✗ 3. 190
✓ 4. 380

Q.30 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 129 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 207
✗ 2. 186
✗ 3. 208
✓ 4. 185

Q.31 एक दुकानदार के पास दो प्रकार के चावल हैं, एक की कीमत ₹60 प्रति kg और दूसरे की कीमत ₹80 प्रति kg है। वह उन्हें 3:2 के अनुपात में मिलाता है। परिणामी मिश्रण का प्रति kg मूल्य कितना है?

Ans
✗ 1. ₹64
✓ 2. ₹68
✗ 3. ₹62
✗ 4. ₹66

Q.32 एक खाली भंडारण टैंक में 63 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 10% खाली रह गया। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में) डालना होगा?

Ans
✓ 1. 70
✗ 2. 69
✗ 3. 64
✗ 4. 71

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.33** एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 8800 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 87 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) दशमलव के दो स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✗ 1. 18.84
- ✗ 2. 17.93
- ✓ 3. 16.09
- ✗ 4. 16.24

**Q.34** किसी व्यक्ति की मासिक आय ₹7,540 है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी नई मासिक आय कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. ₹9,648
- ✓ 2. ₹9,048
- ✗ 3. ₹9,448
- ✗ 4. ₹9,248

**Q.35** एक पाइप एक टैंक को 10 घंटे में भर सकता है। तल में रिसाव के कारण, यह टैंक को 22.5 घंटे में भरता है। यदि टैंक पूरा भरा हुआ है, तो रिसाव टंकी को कितने समय में खाली कर सकता है?

Ans
- ✗ 1. 16 घंटे
- ✗ 2. 17 घंटे
- ✗ 3. 19 घंटे
- ✓ 4. 18 घंटे

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.36** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें त्रिक समान तर्क का अनुसरण करता है।

YALE - ALEY - LEYA
SOAP - OAPS - APSO

Ans
- ✗ 1. MEAN - EAMN - AMNE
- ✗ 2. FEAR - EARF - AREF
- ✗ 3. GEAR - GERA - ARGE
- ✓ 4. RACE - ACER - CERA

**Q.37** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. SUW
- ✗ 2. PRT
- ✗ 3. EGI
- ✓ 4. JLM

**Q.38** जोगी बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए उत्तर की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है और फिर बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. पश्चिम में 2 km
- ✗ 2. पश्चिम में 7 km
- ✓ 3. पश्चिम में 1 km
- ✗ 4. पूर्व में 4 km

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.39 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी शेर, बाघ हैं।
कुछ शेर, बिल्ली हैं।
निष्कर्ष:
(I): सभी बिल्ली, शेर हैं।
(II): कुछ बाघ, बिल्ली हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + T @ O # C * K' है, तो S का K से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई का भाई
2. भाई की माता
3. भाई की पत्नी ✔
4. भाई की बहन

Q.41 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'X × Y ÷ Z × U ÷ W − V' है तो Z का V से क्या संबंध है?


Ans
1. पति की माता
2. माता की माता
3. पिता की माता
4. माता ✔

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'always he troubles' को 'mo tu bk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'he came today' को 'bk mj tk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'he' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
1. tu
2. mj
3. mo
4. bk ✔

Your Personal Exams Guide

**Q.43** दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार 'MN' पर रखे जाने पर दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans**

✔ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 

✘ 4. 

**Q.44** D, A, W, N, O, R और E एक गोल-मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N, D के ठीक दाएं पड़ोस में और E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, E के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। R और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W के ठीक बाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

**Ans**

✘ 1. A

✔ 2. R

✘ 3. D

✘ 4. N

**Q.45** एक निश्चित कूट भाषा में '8019' को 'PUQZ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और '1904' को 'QUDZ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में '4' के लिए कूट क्या है?

**Ans**

✔ 1. D

✘ 2. U

✘ 3. Q

✘ 4. Z

prepp Your Personal Exam Guide

**Q.46** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

32 40 50 62 76 ?

**Ans**

✔ 1. 92

✘ 2. 98

✘ 3. 106

✘ 4. 85

**Q.47** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 768 712 783 825 874 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से गुणा किया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

**Ans**

✘ 1. 16

✔ 2. 14

✘ 3. 12

✘ 4. 10

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.48 चोग्याल अपनी कक्षा में ऊपर से 19वें और नीचे से 63वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 79
✗ 2. 80
✗ 3. 82
✓ 4. 81

Q.49 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी घड़ी, बल्ब हैं।
सभी उंगलियाँ, बल्ब हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कोई घड़ी, उंगलियाँ नहीं हैं।
(II) : कुछ बल्ब, घड़ी हैं।

Ans
✓ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.50 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'find the key' को 'ak jo bk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'the train left' को 'tu mt jo' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'the' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. ak
✗ 2. tu
✓ 3. jo
✗ 4. mt

Q.51 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी संबंध को साझा करती हैं जो दिए गए संख्या-युग्मों द्वारा साझा किया गया है।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(4, 3, 24)
(7, 3, 42)

Ans
✗ 1. (7, 5, 60)
✗ 2. (2, 6, 18)
✗ 3. (3, 9, 51)
✓ 4. (6, 4, 48)

Q.52 A, B, C, D, J, K और L एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, J के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, K के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। C और A के बीच में केवल J बैठा है। L, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दाएं से गिनने पर B और A के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. चार
✗ 3. दो
✓ 4. तीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.53 यदि 'A' का अर्थ '÷' हो, 'B' का अर्थ '×' हो, 'C' का अर्थ '+' हो और 'D' का अर्थ '−' हो, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
50 D 100 C 17 B 300 A 100 = ?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 3
✘ 3. 2
✘ 4. 4

Q.54 V, E, R, I, F और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। V और Y के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। E और I के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। F और I के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। F तल क्रमांक 1 पर रहता है। V, I से ऊपर रहता है। R और E के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✘ 1. तीन
✔ 2. एक
✘ 3. चार
✘ 4. दो

Q.55 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) $ $ 3 7 3 @ * 4 > 5 & < 9 # 4 / ^ ? / > + (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?


Ans
✘ 1. दो
✘ 2. तीन
✔ 3. एक
✘ 4. एक भी नहीं

prepp
Your Personal Exam Guide

www.prepp.in


Your Personal Exams Guide

Q.56 यदि दर्पण को दिए गए चित्र के अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




Ans


✗ 1.



✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



Q.57 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 ÷ 3 − 20 × 2 + 3 = ?

Ans
- ✗ 1. 58
- ✗ 2. 50
- ✗ 3. 46
- ✓ 4. 52

Q.58 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ETY - FUZ
CVB - DWC

Ans
- ✗ 1. POE - QPG
- ✓ 2. ESD - FTE
- ✗ 3. ALO - BMQ
- ✗ 4. MNZ - NOC

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.59 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

59 63 72 88 113 ?

Ans
1. 159
2. 146
3. 143
4. 149 ✔

Q.60 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

HEW LCA PAE TYI ?

Ans
1. YXM
2. XWM ✔
3. WWL
4. YVN

Q.61 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)।

(बाएं) 1 8 7 2 2 4 9 5 3 2 3 3 8 4 7 2 5 6 7 4 9 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक पूर्ण वर्ग है?

Ans
1. एक
2. चार
3. तीन
4. दो ✔

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, EHIJ एक निश्चित तरीके से BEFG से संबंधित है। उसी प्रकार MJFO, JGCL से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, TMQV दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. PIMR
2. MTQL
3. QJNS ✔
4. MTQV

Q.63 मिस्टर Po, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 15 km ड्राइव करते हैं, फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 19 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं और 6 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. 6 km पश्चिम की ओर
2. 4 km पूर्व की ओर
3. 6 km दक्षिण की ओर
4. 4 km उत्तर की ओर ✔

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ELJ HJM KHP NFS ?

Ans
1. QDV ✔
2. REW
3. PEV
4. PDV

Q.65 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सही मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निर्धारित करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ फूल चट्टानें हैं।
कुछ चट्टानें पौधे हैं।
कुछ पौधे पत्तियाँ हैं।
निष्कर्ष:
(I) कोई पत्ती फूल नहीं है।
(II) सभी पौधे फूल हैं।

Ans
✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 2. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.66 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

120 106 94 84 76 ?

Ans
✗ 1. 66
✗ 2. 60
✗ 3. 64
✔ 4. 70

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजन/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. KHM
✗ 2. HEJ
✔ 3. EBH
✗ 4. NKP

Q.68 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
125 ÷ 625 × 25 – 4 + 183 = ?

Ans
✗ 1. 44
✔ 2. 42
✗ 3. 41
✗ 4. 40

Q.69 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

RG 8, NC 12.5, JY 17, FU 21.5, ?

Ans
✗ 1. AQ 24
✗ 2. AQ 26
✗ 3. BQ 24
✔ 4. BQ 26

Q.70 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, A के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। E, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। B, A का निकटतम पड़ोसी है। E और G दोनों का निकटतम पड़ोसी F है। C के दाएं से गिनने पर, B और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. 0
✗ 2. 3
✗ 3. 2
✗ 4. 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.71 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक रानी लक्ष्मीबाई का जन्म कहां हुआ था?

Ans
✔ 1. वाराणसी
✘ 2. दिल्ली
✘ 3. इलाहाबाद (अब प्रयागराज)
✘ 4. झांसी

Q.72 अक्टूबर 2024 में विदेशी मुद्रा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए, किस बैंक को RBI से अनुमोदन और प्राधिकृत डीलर श्रेणी 1 (Authorised Dealer Category 1) लाइसेंस प्राप्त हुआ?

Ans
✔ 1. उज्जीवन लघु वित्त बैंक (Ujjivan Small Finance Bank)
✘ 2. जन लघु वित्त बैंक (Jana Small Finance Bank)
✘ 3. Au लघु वित्त बैंक (Au Small Finance Bank)
✘ 4. सूर्योदय लघु वित्त बैंक (Suryoday Small Finance Bank)

Q.73 किस आईआईटी (IIT) ने 30 सितंबर 2024 को NM-ICPS के अंतर्गत भारतीय भाषाओं में जनरेटिव AI (generative AI) उपलब्ध कराने के लिए भारत की 'भारतजेन' (BharatGen) पहल के शुभारंभ का समर्थन किया?

Ans
✘ 1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास
✘ 2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) भुवनेश्वर
✘ 3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर
✔ 4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे

Q.74 आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक ने 2024 की तीसरी तिमाही (Q3 2024) में निवल लाभ में 24% की वृद्धि दर्ज की थी, जो अनुमान से अधिक थी। इस अवधि के दौरान निवल ब्याज मार्जिन (NIM) कितना था?

Ans
✘ 1. 4.63%
✘ 2. 4.73%
✔ 3. 4.43%
✘ 4. 4.23%

Q.75 निदेशक सिद्धांत मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस विचारधारा पर आधारित हैं?

Ans
✘ 1. व्यक्तिगत अधिकार
✘ 2. राज्य विकास
✔ 3. सामाजिक कल्याण
✘ 4. राष्ट्रीय सुरक्षा

Q.76 18 अक्टूबर 2024 को CII स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स में किस स्पोर्ट्स लीग को 'बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✘ 1. हॉकी इंडिया लीग
✔ 2. प्रो कबड्डी लीग
✘ 3. इंडियन प्रीमियर लीग
✘ 4. प्रीमियर बैडमिंटन लीग

Q.77 अप्रैल 2024 में प्रकाशित पुस्तक 'हेवनली आइलैंड्स ऑफ गोवा' (Heavenly Islands of Goa) का लेखन गोवा के किस राज्यपाल ने किया था?

Ans
✔ 1. पी.एस. श्रीधरन
✘ 2. मृदुला सिन्हा
✘ 3. भगत सिंह कोश्यारी
✘ 4. सत्यपाल मलिक

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.78 भारत में हरित क्रांति के दौरान मुख्य रूप से किस फसल को लक्ष्य बनाया गया था?

Ans
✔ 1. गेहूं
✘ 2. कपास
✘ 3. मसाले
✘ 4. गन्ना

Q.79 यदि स्थिर आयतन पर किसी गैस का दाब बढ़ाकर दोगुना कर दिया जाए, तो गैस द्वारा किया गया कार्य _____ होगा।

Ans
✘ 1. दोगुना
✘ 2. तीन गुना
✘ 3. चार गुना
✔ 4. शून्य

Q.80 स्लैश एंड बर्न कृषि (झूम कृषि) और उसके राज्य के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

Ans
✘ 1. कुमारी – असम
✘ 2. पामलू – राजस्थान
✔ 3. पेंडा – आंध्र प्रदेश
✘ 4. ब्रिंगा – तमिलनाडु

Q.81 वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (Q2 FY25) में, एक्सिस बैंक के परिचालन लाभ (operating profit) में वर्ष-दर-वर्ष (YoY) आधार पर कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
✘ 1. 26%
✘ 2. 24%
✔ 3. 18%
✘ 4. 22%

Q.82 रमाबाई रानाडे जो एक सामाजिक कार्यकर्ता और सुधारक थीं, उन्हें 1909 में पुणे में ____________________ शुरू करने के लिए याद किया जाता है।

Ans
✔ 1. महिला कल्याण के लिए सेवा सदन
✘ 2. अभिनंदन शैक्षिक और कल्याण सोसायटी
✘ 3. भारतीय बाल कल्याण परिषद
✘ 4. विधवा कल्याण संघ

Q.83 अकबर का राजस्व मंत्री कौन था?

Ans
✘ 1. अबुल फ़ज़ल
✘ 2. बीरबल
✔ 3. राजा टोडरमल
✘ 4. राजा मान सिंह

Q.84 सितंबर 2024 में, एक्सिस बैंक और __________ एक प्रीमियम बिजनेस क्रेडिट कार्ड MyBiz लॉन्च करने के लिए सांगठनिक साझेदारी की।

Ans
✘ 1. वीज़ा (Visa)
✔ 2. मास्टरकार्ड (Mastercard)
✘ 3. अमेरिकन एक्सप्रेस (American Express)
✘ 4. पेपाल (PayPal)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सितंबर 2024 में विनियामक गैर-अनुपालन के कारण किन दो बैंकों पर जुर्माना लगाया है?

Ans
1. एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक
2. एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक
3. आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा
4. इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक

Q.86 स्नेल का नियम प्रकाश की किस परिघटना से संबंधित है?

Ans
1. परावर्तन
2. विवर्तन
3. परिक्षेपण
4. अपवर्तन

Q.87 'खुआंग' (Khuang) मिज़ोरम का किस प्रकार का स्थानीय वाद्ययंत्र है जो मिज़ो सामाजिक और धार्मिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है?

Ans
1. गिटार
2. ड्रम
3. बांसुरी
4. गोंग

Q.88 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में पुरुष साक्षरता दर कितनी थी?

Ans
1. 82.14%
2. 84.14%
3. 75.14%
4. 78.14%

Q.89 गोरखपुर से 1857 के विद्रोह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?

Ans
1. मुहम्मद हसन
2. फिरोज शाह
3. जयदयाल सिंह
4. हरदयाल सिंह

Q.90 अगस्त 2024 में, किस राज्य ने छात्रों के बीच नवीन उद्यमशीलता के विचारों को पोषित करने और उन्हें उद्यम शुरू करने में सहायता करने के उद्देश्य से 'ड्रीमवेस्टर' (Dreamvestor) परियोजना की शुरूआत की?

Ans
1. कर्नाटक
2. केरल
3. ओडिशा
4. तमिलनाडु

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सी राशि 'क्विन्टल' (quintal) इकाई का उपयोग करके मापी जाती है?

Ans
1. तापमान
2. लंबाई
3. भार
4. आयतन

Q.92 1952 में भारतीय संगीतकार पंडित विश्व मोहन भट्ट का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?

Ans
1. जोधपुर
2. जयपुर
3. अमृतसर
4. भोपाल

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सा जेट प्रवाह (jet stream), शीत ऋतु के दौरान भारत के उत्तरी भाग में पश्चिमी चक्रवाती विक्षोभ लाता है?

Ans
✗ 1. ध्रुवरात्रिक जेट प्रवाह
✗ 2. पूर्वी जेट प्रवाह
✗ 3. अफ्रीकी पूर्वी जेट
✓ 4. पश्चिमी जेट प्रवाह

Q.94 मौर्य काल के दौरान केवल नकद में भुगतान किए जाने वाले कर को निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संदर्भित करता है?

Ans
✓ 1. हिरण्य (Hiranya)
✗ 2. बलि (Bali)
✗ 3. कर (Kara)
✗ 4. भाग (Bhaga)

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ एक समांगी मिश्रण बनाएगा?

Ans
✗ 1. मृदा और जल
✗ 2. बालू और सामान्य नमक
✗ 3. बेंजीन और जल
✓ 4. कार्बन डाइऑक्साइड और जल

Q.96 अक्टूबर 2024 में गुजरात के गांधीनगर में सीएम भूपेंद्र पटेल द्वारा शहरी मोबिलिटी भारत सम्मेलन और एक्सपो 2024 के किस संस्करण का उद्घाटन किया गया?

Ans
✗ 1. 13वें
✗ 2. 19वें
✗ 3. 11वें
✓ 4. 17वें

Q.97 भारत सरकार की भारतमाला परियोजना में लगभग __________ किलोमीटर लंबाई के आर्थिक गलियारों के विकास की परिकल्पना की गई है।

Ans
✓ 1. 26,000
✗ 2. 18,000
✗ 3. 14,000
✗ 4. 36,000

Q.98 यूनेस्को ने 8 सितंबर 2024 को किस थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया?

Ans
✓ 1. बहुभाषी शिक्षा प्रसार: आपसी समझ और शांति प्रसार के लिए साक्षरता (Promoting Multilingual Education: Literacy for Mutual Understanding and Peace)
✗ 2. सीखने के क्षेत्रों में बदलाव (Transforming Literacy Learning Spaces)
✗ 3. मानव केंद्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता: डिजिटल भेदभाव घटाना (Literacy for a human-centered recovery: Narrowing the digital divide)
✗ 4. साक्षरता और बहुभाषावाद (Literacy and Multilingualism)

Q.99 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष ________ में शुरू किया गया था।

Ans
✗ 1. 2009
✗ 2. 2016
✗ 3. 2014
✓ 4. 2011

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.100 1999 के संसदीय चुनावों में, ________________ की गठबंधन पार्टी की सरकार बनी, जिसमें भाजपा गठबंधन का सबसे बड़ा दल था।

Ans
❌ 1. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन
❌ 2. पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी गठबंधन
❌ 3. बीजू जनता दल गठबंधन
✔ 4. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

Q.101 नेहरू ने इस बात पर बल दिया कि संविधान सभा को अपनी ताकत मुख्य रूप से ________________ से मिली है।

Ans
❌ 1. पश्चिमी क्रांतियों के विचारों
✔ 2. भारतीय लोगों की इच्छाशक्ति
❌ 3. ब्रिटिश कानूनों और प्रशासन
❌ 4. औपनिवेशिक संवैधानिक सुधारों

Q.102 अगस्त 2024 में, संधारणीय कृषि-खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि अर्थशास्त्रियों का 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
❌ 1. ढाका
❌ 2. न्यूयॉर्क
✔ 3. नई दिल्ली
❌ 4. पेरिस

Q.103 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 37 के अनुसार, राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में निहित प्रावधान ________ हैं।

Ans
❌ 1. किसी भी न्यायालय द्वारा अनुप्रयोज्य (enforceable by any court)
✔ 2. किसी भी न्यायालय द्वारा गैर-अनुप्रयोज्य (non-enforceable by any court)
❌ 3. केवल संघ सरकार पर लागू (only applicable to the union government)
❌ 4. नागरिकों के लिए अनिवार्य (mandatory for citizens)

Q.104 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356, निम्नलिखित में से किस प्रावधान से संबंधित है?

Ans
✔ 1. राष्ट्रपति शासन
❌ 2. राष्ट्रीय आपातकाल
❌ 3. आधिकारिक भाषाएँ
❌ 4. अस्थायी प्रावधान

Q.105 ग्रैमी पुरस्कार विजेता, कर्नाटक संगीतकार थेटाकुडी हरिहर विनायकराम (Thetakudi Harihara Vinayakram), जिन्हें विक्कू के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र में अपनी महारत के लिए जाने जाते हैं?

Ans
❌ 1. सितार
❌ 2. वीणा
✔ 3. घाटम
❌ 4. वायलिन

Q.106 निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने विधान परिषदों में भारतीय प्रतिनिधित्व की शुरुआत की?

Ans
❌ 1. 1813 का चार्टर अधिनियम (Charter Act of 1813)
✔ 2. 1861 का भारतीय परिषद अधिनियम (Indian Councils Act of 1861)
❌ 3. 1853 का चार्टर अधिनियम (Charter Act of 1853)
❌ 4. 1892 का भारतीय परिषद अधिनियम (Indian Councils Act of 1892)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.107 परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 के अंतर्गत, कितनी जनसंख्या होने पर राज्य सरकार के लिए किसी शहर या कस्बे में परिवार न्यायालय स्थापित करना अनिवार्य है?

Ans
✗ 1. 5,00,000
✓ 2. 10 लाख
✗ 3. 30 लाख
✗ 4. 20 लाख

Q.108 सितंबर 2024 में, भारत ने ओडिशा के किस स्थान से इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल (Intermediate Range Ballistic Missile), अग्नि-4 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया?

Ans
✗ 1. पुरी
✗ 2. भुवनेश्वर
✗ 3. कटक
✓ 4. चांदीपुर

Q.109 1976 से पहले संविधान में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं था?

Ans
✗ 1. प्रस्तावना
✗ 2. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
✓ 3. मौलिक कर्तव्य
✗ 4. मौलिक अधिकार

Q.110 किस प्रधानमंत्री का 'आंतरिक मंत्रिमंडल' उनके काल में विशेष रूप से शक्तिशाली हो गया?

Ans
✗ 1. नरेंद्र मोदी
✗ 2. जवाहरलाल नेहरू
✗ 3. अटल बिहारी वाजपेयी
✓ 4. इंदिरा गांधी

Q.111 प्रति वर्ष, मानव विकास सूचकांक ______________ द्वारा जारी किया जाता है।

Ans
✗ 1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization)
✓ 2. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nation Development Programme)
✗ 3. यूनिसेफ (UNICEF)
✗ 4. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)

Q.112 हरित क्रांति का एक नकारात्मक प्रभाव क्या था?

Ans
✓ 1. उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण मृदा क्षरण
✗ 2. मुख्य फसलों की पैदावार में कमी
✗ 3. पारंपरिक बीजों पर निर्भरता का बढ़ना
✗ 4. जैविक खेती में वृद्धि

Q.113 भारत के पश्चिमी तटीय मैदान ________________ तक फैले हुए हैं।

Ans
✗ 1. ओडिशा से आंध्र प्रदेश
✗ 2. राजस्थान से केरल
✗ 3. पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु
✓ 4. गुजरात से कन्याकुमारी

Q.114 2024 में, IIT कानपुर (IIT-K) ने उत्तर प्रदेश में किस स्वास्थ्य सेवा पहल पर काम करने के लिए ICICI फाउंडेशन फॉर इंक्लूसिव ग्रोथ के साथ भागीदारी की है?

Ans
✓ 1. उत्तर प्रदेश डिजिटल हेल्थ स्टैक
✗ 2. उत्तर प्रदेश मेडिकल रिसर्च हब
✗ 3. यूपी हेल्थ मॉनटरिंग सिस्टम
✗ 4. यूपी हेल्थ डेटा इंटिग्रेशन प्रोजेक्ट

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.115 1991 के सुधारों के बाद कृषि में न्यूनतम समर्थन मूल्य की क्या भूमिका रही?

Ans
- ✗ 1. इसे केवल औद्योगिक फसलों तक विस्तारित कर दिया गया।
- ✓ 2. इसने किसानों को मूल्य में उतार-चढ़ाव से संरक्षण प्रदान करना जारी रखा।
- ✗ 3. इसे अंतरराष्ट्रीय मूल्य निर्धारण नीतियों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया।
- ✗ 4. इसे पूर्णतः समाप्त कर दिया गया।

Q.116 10 सितंबर 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA 79) का 79वां सत्र कहाँ शुरू हुआ?

Ans
- ✓ 1. न्यूयॉर्क (New York)
- ✗ 2. शिकागो (Chicago)
- ✗ 3. लॉस एंजेल्स (Los Angeles)
- ✗ 4. सैन डिएगो (San Diego)

Q.117 हिमालय पर्वत तंत्र को भूगर्भिक दृष्टि से _______________ के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

Ans
- ✓ 1. वलित पर्वत (folded mountains)
- ✗ 2. भ्रंशोत्थ पर्वत (block mountains)
- ✗ 3. ज्वालामुखी पर्वत (volcanic mountains)
- ✗ 4. अवशिष्ट पर्वत (residual mountains)

Q.118 टार्टरिक अम्ल प्राकृतिक रूप से निम्नलिखित में से किस रसोई सामग्री में पाया जाता है?

Ans
- ✗ 1. सिरका
- ✗ 2. खाने का सोडा
- ✗ 3. नींबू का रस
- ✓ 4. इमली

Q.119 भारतीय मुख्य भू-भाग के दक्षिणतम बिंदु को वर्तमान में क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ 1. इंदिरा प्वाइंट
- ✗ 2. निकोबार द्वीप समूह
- ✓ 3. केप कोमोरिन
- ✗ 4. कन्याकुमारी

Q.120 18वीं शताब्दी के तीन संगीतकार-श्यामा शास्त्री, त्यागराज और मुथुस्वामी दीक्षितार को भारत के _____ शास्त्रीय संगीत शैली की त्रिमूर्ति माना जाता है।

Ans
- ✓ 1. कर्नाटक
- ✗ 2. टप्पा
- ✗ 3. हिंदुस्तानी
- ✗ 4. ठुमरी